आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 24.11.2024
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।
- उत्तराखण्ड में पिछले दो सालों में चार हजार किलोमीटर से अधिक लो टेंशन विद्युत लाइन बिछाई गई।
- केंद्र सरकार ने संसद के शीतकालीन सत्र से पहले आज सर्वदलीय बैठक बुलाई हैं।
- चमोली में डिप्थीरिया और टेटनेस से बचाव व रोकथाम के लिए विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 116वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन ए०आई०आर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डी.डी. न्यूज, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगा। हिंदी में प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी इस कार्यक्रम को प्रसारित किया जाएगा।

विद्युत आपूर्ति सुधारीकरण

उत्तराखण्ड में पिछले दो सालों में चार हजार किलोमीटर से अधिक लो टेंशन लाइन बिछाई गई हैं। इससे बिजली वितरण के क्षेत्र में राज्य ने अभूतपूर्व प्रगति की है। दूरस्थ क्षेत्रों में बिजली पहुंचने से आम जनता की जीवन शैली में सकारात्मक बदवाल आए हैं। उत्तराखण्ड के औद्योगिक क्षेत्र के विकास में हो रहे व्यापक बदलाव को और अधिक गति देने के लिए बिजली वितरण क्षेत्र सुदृढ़ और समृद्ध हुआ है। यूपीसीएल द्वारा राज्य में एक मजबूत विद्युत वितरण प्रणाली की स्थापना के साथ परिचालन और व्यवसायिक दक्षता में सुधार के लिए अहम कदम भी उठाये गये हैं। प्रदेश में विद्युत संतुलन बनाये रखने के लिए पिछले दो सालों में लगभग एक लाख नब्बे हज़ार नये विद्युत संयोजन स्थापित किये गए हैं।

इसके अलावा, उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता की विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए भविष्यनिधि परियोजनाओं के क्रियान्वयन पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। भारत सरकार की आर०डी०एस०एस० योजना के तहत प्रदेशभर में लगभग 16 लाख उपभोक्ताओं के लिये स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जांएगे। इससे बिजली व्यवस्था का डिजिटलीकरण, ऑटोमेशन और दक्षता में बढ़ोत्तरी होगी और विद्युत हानियों को भी कम किया जा सकेगा।

केदारनाथ उपचुनाव मतगणना

केदारनाथ विधानसभा उप चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने जीत दर्ज की है। कल हुई मतगणना में भाजपा की आशा नौटियाल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी मनोज रावत को साढे पांच हजार से अधिक मतों से हराया। निर्दलीय प्रत्याशी त्रिभुवन सिंह चौहान तीसरे स्थान पर रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ गहरवार ने मतगणना सहित पूरी निर्वाचन प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी अधिकारियों और कार्मिकों को बधाई और शुभकामनांए दीं।

गौरतलब है कि भाजपा की आशा नौटियाल तीसरी बार केदारनाथ विधानसभा सीट से विधायक चुनी गई हैं।

वेसाइड एमेनिटीज समीक्षा

हरिद्वार में यात्रियों की सुविधा को बढ़ाने और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मज़बूत करने के लिए जिले की सड़कों के किनारों पर सुविधाओं का विकास किया जाएगा। जिला प्रशासन यात्रियों को बेहतर सेवांए देने के लिए मुख्य सड़क मार्गों के पास में भोजन और पेयजल, आराम क्षेत्र, मनोरंजन, खरीददारी तथा चार्जिंग प्वांइट्स की सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास करेगा। हरिद्वार जिले की मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे ने सडक किनारे की सुविधाओं से संबंधित परियोजनाओं को तेजी से लागू करने के निर्देश दिए हैं। परियोजना के संबंध में आयोजित बैठक की समीक्षा में उन्होंने कहा कि परियोजना से पहले भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया को पूरा किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में सडक किनारे की सुविधाओं के माध्यम से पर्यटन को बढ़ावा देने और स्थानीय समुदाय विशेष रूप से महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने की संभावनाओं पर भी चर्चा की गयी।

बहुउद्देशीय शिविर

बागेश्वर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में तहसील कांडा के तहत राजकीय इंटर कॉलेज देवतोली में बहुउद्देशीय विधिक जागरूकता शिविर आयोजन किया जा रहा है। इसमें विभिन्न स्टॉल के माध्यम से आम जनता को जनकल्याणारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

वहीं, जिले में जन समस्याओं के समाधान के लिए 30 नवंबर को राजकीय इंटर कॉलेज, मैगड़ीस्टेट में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किया जाएगा। अपर जिलाधिकारी एन०एस नबियाल ने बताया कि शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं की जानकारी व पात्र लोगों को लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने आम लोगों से शिविर का लाभ उठाने की अपील करते हुए अधिकारियों को शिविर में उपस्थित रहने को कहा है।

सर्वदलीय बैठक

केंद्र सरकार ने संसद के शीतकालीन सत्र से पहले आज सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। बैठक में सरकार सत्र के दौरान लोकसभा और राज्यसभा के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग मांगेगी। शीतकालीन सत्र कल से शुरू होगा और 20 दिसंबर तक चलेगा।

टीकाकरण

चमोली में डिप्थीरिया और टेटनेस से बचाव व रोकथाम के लिए जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत सरकारी और निजी स्कूलों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में 5 वर्ष के बच्चों को डीपीटी और 10 व 16 वर्ष के किशोरों को टीडी डिप्थीरिया और टेटनेस का टीका लगाया जा रहा है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अभिषेक गुप्ता ने बताया कि जिले के 3 सौ 37 विद्यालयों में अब तक बच्चों और किशोरों का टीकाकरण किया जा चुका है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने कहा कि बच्चों को इन बीमारियों से बचाने के लिए टीकाकरण अनिवार्य है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या स्कूल में जाकर इस अभियान का लाभ लेने का अनुरोध किया। भारत सरकार के नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के तहत संचालित यह अभियान 30 नवंबर तक जारी रहेगा।

पर्यावरण मित्रों का सम्मान

प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष और क्षेत्रीय विधायक ऋतु खण्डूडी भूषण ने पौड़ी जिले के कोटद्वार नगर निगम में आयोजित 'पर्यावरण मित्र सम्मान समारोह' में पर्यावरण मित्रों को सम्मानित किया। उन्होंने नगर निगम के 245 पर्यावरण मित्रों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए आर्थिक सहायता के चेक भी प्रदान किए। उन्होंने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि सफाई कर्मचारी समाज के अभिन्न अंग हैं और उनका योगदान हम सभी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऋतु खण्डूडी भूषण ने कहा कि हमारे सफाई कर्मचारी न केवल शहर की सफाई में योगदान देते हैं, बल्कि वे हमारे पर्यावरण के संरक्षण में भी अहम भूमिका निभाते हैं। उनके कठिन परिश्रम और समर्पण को देखकर हमें उनके प्रति और भी अधिक सम्मान और स्नेह देना चाहिए।

शीतलहर

बागेश्वर के जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने जिले में शीत लहर को देखते सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ आवश्यक तैयारियों को समय रहते पूरा करने को कहा है। शीतलहर के दौरान आने वाली समस्याओं के संबंध में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को बर्फबारी से बाधित होने वाले सड़क मार्गो को चिन्हित कर वहां मलबा हटाने वाली मशीन की तैनाती के निर्देश दिए, ताकि मार्ग अवरुद्ध होने पर यातायात को जल्द सुचारू किया जा सके। साथ ही पाला संभावित क्षेत्रों में चेतावनी बोर्ड लगाने और पाले के निस्तारण को लेकर नियमित चूने और नमक का छिड़काव करने को भी कहा। उन्होंने अधिकारियों को अपने–अपने क्षेत्र में रैनबसेरों का चयन करते हुए उनमें साफ–सफाई, शौचालय, पानी, पेयजल, बिस्तर व कंबल जैसी अन्य व्यवस्थाओं का प्रबंध रखने के निर्देश दिए।

भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव

भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के फ़िल्म बाजार, गोवा में उत्तराखंड पवेलियन आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। महोत्सव में राज्य की नई फिल्म नीति–2024 को लेकर फ़िल्म निर्माताओं और निर्देशकों ने रुचि दिखाई है। इस अवसर पर उत्तराखंड पवेलियन में आए अभिनेता हेमंत पांडेय ने राज्य में फिल्म शूटिंग के लिए फिल्म निर्माताओं को दी जा रही सुविधाओं के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार की ओर से फ़िल्म जगत के लिए एक बेहतरीन फ़िल्म नीति लागू की गई है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे।

बाबा मद्‌महेश्वर डोली

रुद्रप्रयाग जिले में द्वितीय केदार भगवान मद्‌महेश्वर की देव डोली मंदिर के कपाट बंद होने के बाद विभिन्न पड़ावों से होते हुये शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर, ऊखीमठ में विराजमान हो गयी हैं। देव डोली के श्री ओंकारेश्वर मंदिर पहुचने पर रावल भीमाशंकर लिंग ने डोली पर स्वर्ण मुकुट चढ़ाकर पूजा–अर्चना की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने डोली के दर्शन किए। डोली के आगमन पर बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं। 20 नवंबर को कपाट बंद होने के बाद देव डोली ने पहले गौंडार, फिर राजकेश्वरी मंदिर और गिरिया में रात्रि प्रवास किया। जिसके बाद द्वितीय केदार बाबा मद्‌महेश्वर की देव डोली श्री ओंकारेश्वर मंदिर पहुंची। इस अवसर पर मंदिर को 8 क्विंटल फूलों से सजाया गया था। इस वर्ष यात्रा के दौरान 19 हजार 577 श्रद्धालुओं ने भगवान मद्‌महेश्वर के दर्शन किए।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर–

केदारनाथ विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा की जीत हुई है। हिन्दुस्तान समेत सभी समाचार पत्रों ने इस खबर को प्रमुखता दी है, हिन्दुस्तान समाचार पत्र ने शीर्षक दिया है– केदारनाथ सीट पर भाजपा का कमल खिला, दैनिक जागरण लिखता है– केदारनाथ में भाजपा को मिला बाबा का आशीर्वाद, आशा नौटियाल में कांग्रेस के मनोज रावत को 5 हजार 622 वोटों से हराया।

वहीं महाराष्ट्र और झारखंड के विधानसभा चुनाव को सभी समाचार पत्रों ने पहले पृष्ठ पर जगह दी है। अमर उजाला लिखता है– महाराष्ट्र में भगवा सुनामी, झारखंड में झामुमो की आंधी। महाराष्ट्र में एनडीए गठबंधन को मिली 288 में से 234 सीटें, जबकि झारखंड में इंडिया गठबंधन ने बाजी मारी, इंडिया गठबंधन को 81 सीटों में से 56 सीटें मिली।

हिन्दुस्तान ने देहरादून में राष्ट्रपति आशियाना जनता के लिए खुलने की ख़बर पर लिखा है– देहरादून में राजपुर रोड स्थित राष्ट्रपति आशियाना अप्रैल 2025 में लोगों के लिए खुलने जा रहा है। लोगों को राष्ट्रपति आशियाने के साथ ही 251 साल पुरानी रेजीमेंट के इतिहास से रूबरू होने का मौका मिलेगा।

और उत्तराखंड में जल्द ही स्थायी डीजीपी की नियुक्ति की जाएगी। नवोदय टाइम्स लिखता है– प्रदेश के स्थायी डीजीपी बनेंगे आईपीएस दीपम सेठ। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने दीपम सेठ को एसएसबी से किया रिलीव।